# बोइंग स्टारलाइनर की पहली क्रू टेस्ट फ्लाइट

[स्रोत: द हिंदू](#)

**एटलस V रॉकेट** दो अनुभवी अंतरिक्ष यात्रियों, **बैरी विल्मोर और सुनीता विलियम्स** के साथ उड़ान भरने को तैयार है, जो बोइंग द्वारा निर्मित **स्टारलाइनर** नामक क्रू कैप्सूल पर सवार हैं।

- यह कैप्सूल की **तीसरी परीक्षण उड़ान (Test Flight)** तथा **अंतरिक्ष यात्रियों के साथ पहली उड़ान** है, जिसका लक्ष्य उन्हें **लो अर्थ ऑर्बिट** में **अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (ISS)** तक पहुँचाना है।
    - यदि यह सफल रहा तो अमेरिका अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष में भेजने में **सक्षम दो अंतरिक्ष यानों** के साथ एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करेगा।
    - वर्तमान में, **स्पेसएक्स का ड्रैगन अंतरिक्ष यान** एकमात्र अंतरिक्ष यान है, जो पृथ्वी पर महत्त्वपूर्ण वस्तुओं को वापस ला सकता है और यह **मनुष्यों को अंतरिक्ष स्टेशन तक ले जाने वाला पहला निजी अंतरिक्ष यान** है।
- **स्टारलाइनर** एक अंतरिक्ष यान है, जो अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष में ले जाता है, इसे एक रॉकेट के माध्यम से लॉन्च किया जाता है, जिसमें अंतरिक्ष यात्री आवास के लिये एक **क्रू (Crew) कैप्सूल** होता है, जिसे पुन: प्रवेश के लिये डिज़ाइन किया गया है, जो एक**गैर-पुन: प्रयोज्य सर्विस मॉड्यूल** जीवन समर्थन (Life Support) और प्रणोदन प्रणाली प्रदान करता है।

**और पढ़ें:** **नासा का बोइंग स्टारलाइनर अंतरिक्ष यान**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/boeing-starliner-s-first-crewed-test-flight